एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

असल जिंदगी में कैसी दिखती हूं, इसकी चिंता नहीं करती: श्रद्धा कपूर

अभिनेत्री श्रद्धा कपूर का कहना है कि वास्तविकता में दिखावा उनके जीवन का बहुत छोटा हिस्सा है। उनका कहना है कि वह असल जिंदगी में कैसी दिख रही हैं, इसकी चिंता उन्हें नहीं रहती हैं। श्रद्धा इसी हफ्ते रिलीज होने वाली अपनी आगामी फिल्म छिछोरे में दो बहुत अलग किरदार निभाती नजर आएंगी।

श्रद्धा ने बताया दिखावा मेरे पेशे का एक छोटा सा हिस्सा है। यह सभी अभिनेताओं के जीवन में नहीं है। इसलिए मैं इसके साथ काफी सहज हूं। मुझे रंगों और अलग-अलग हेयर स्टाइल आजमाना पसंद है। जब फिल्मों में मेरे किरदारों की बात आती है तो इसके लिए मेकअप एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।

श्रद्धा ने हालांकि कहा कि वह इसके लिए चिंतित नहीं रहती कि वास्तविक जीवन में वह कैसी दिखती हैं। उन्होंने कहा, मैं वास्तविक जीवन में कैसी दिखती हूं, इसके लिए ज्यादा सचेत नहीं रहती हूं। ऐसे कई दिन होते हैं जब मुझे फुंसी (पिंपल) होती हैं और मेरे बाल खराब होते हैं। इसके अलावा अधिक यात्रा करने के कारण मेरी त्वचा थकी हुई दिखती है। मैं एयरपोर्ट पर उसी तरह से फोटो खींचती हूं और इसके साथ मैं ठीक हूं। फुंसी स्वाभाविक रूप से हो जाती है और हम सभी मानव हैं, न कि प्लास्टिक। कई सौंदर्य और कॉस्मेटिक ब्रांडों का समर्थन करती दिखने वाली अभिनेत्री इसके बाद हंसती हैं। बॉक्स-ऑफिस पर दो हफ्तों के अंदर ही श्रद्धा की दो फिल्में रिलीज होनी है। जहां तेलुगू सुपरस्टार प्रभास के साथ उनकी फिल्म साहो शुक्रवार को चार भाषाओं में रिलीज हो चुकी है। वहीं अगले सप्ताह नीतेश तिवारी की छिछोरे रिलीज होगी।

मैं निरंतर अपने काम का आंकलन करती हूं : रागिनी खन्ना

हालिया डिजिटल फिल्म पोशम पा में अपनी बेहतर अदायगी के लिए सराहना बटोर रहीं अभिनेत्री रागिनी खन्ना का कहना है कि उनकी प्रमुख प्राथमिकता उनके कौशल और अभिनय को पिछले काम के मुकाबले बेहतर बनाना है। इसलिए वह अपने काम का आंकलन निरंतर करती रहती हैं।

राहिनी ने कहा, मैं निरंतर अपने काम का आंकलन करती रहती हूं और जब प्रतियोगिता की बात आती है, तो मैं सिर्फ खुद के साथ प्रतिस्पर्धा करती हूं। शायद इसीलिए मैंने खुद को कम्फर्ट जोन तक सीमित करने के बजाय, अपने काम को एक अलग दिशा में ले जाने में कामयाबी हासिल की है।

साल 2008 में राधा की बेटियां कुछ कर दिखाएंगी से अपने करियर की शुरुआत करने वाली रागिनी ने धारावाहिक ससुराल गेंदा फूल से घर-घर में अपनी पहचान बनाई। इसके बाद वह कई खेल आधारित शो और फिल्म गुड़गांव में नजर आई।

रागिनी ने कहा, मुझे पता है कि मुझे अपने आखिरी काम से बेहतर करना है, क्योंकि यही श्रेष्ठता तक पहुंचने का रास्ता है। अब गुड़गांव में मैंने जो काम किया, वह पॉशम पा में मेरे काम से बिल्कुल अलग था, तो ऐसे में मैं कोशिश करती हूं कि जो काम मैंने पहले किया है, उससे कुछ हटके करूं।

उनकी नई फिल्म पोशम पा में माही गिल, सयानी गुप्ता और रागिनी ने तीन हत्यारों की भूमिका निभाई है। सच्ची घटनाओं से प्रेरित इस फिल्म में शिवानी रघुवंशी और इमाद शाह भी हैं और यह ओटीटी प्लेटफार्म जी5 पर उपलब्ध है।

बार्ड ऑफ ब्लड के सेट पर होती थी शोभिता धुलिपाला को जलन

अभिनेत्री शोभिता धुलिपाला नेटफ्लिक्स की आने वाली सीरीज में एक जासूस ईशा खन्ना की भूमिका निभा रही हैं। अभिनेत्री का कहना है कि बार्ड ऑफ ब्लड के पुरुष सहकलाकारों से उन्हें जलन महसूस हुई क्योंकि उन्हें ज्यादा एक्शन दृश्य करने के मौके मिले.

बिलाल सिद्दीकी की किताब द बार्ड ऑफ ब्लड पर आधारित शो भारतीय उपमहाद्वीप की पृष्ठभूमि पर आधारित है.

शोभिता ने कहा, मेरा किरदार पुरुष प्रधान समाज में खुद की जगह बनाने और स्वीकार कराने के लिए पुरजोर कोशिश करता है, लेकिन इस प्रक्रिया में वह दिल को छू लेती है. वह एक्शन से भरपूर इस सीरीज का हिस्सा बनकर बेहद रोमांचित हैं. अभिनेत्री ने कहा, मुझे एक्शन करने में इतना ज्यादा मजा आने लगा कि मुझे इस बात से जलन महसूस हुई कि लड़कों को मुझसे ज्यादा एक्शन दृश्य करने को मिले. बार्ड ऑफ ब्लड में इमरान हाशमी और विनीत कुमार भी हैं. इसे शाहरुख खान की रेड चिलीज एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है और 27 सितंबर को यह नेटफ्लिक्स पर लॉन्च होगा. बीते दिनों सीरीज का ट्रेलर लॉन्च कर दिया गया था. बार्ड ऑफ ब्लड का पहला आधिकारिक ट्रेलर बलूचिस्तान में शुरू होता है, जहां भारतीय जासूसों को पकड़ लिया गया है और भारत से एक महत्वपूर्ण दस्ते को वापस भेजा जाता है. ट्रेलर के मुताबिक एक्स स्पाई कबीर आनंद यानी अदोनिस (इमरान हाशमी) को ईशा (शोभिता धूलिपाला) और वीर (विनीत कुमार सिंह) के साथ इस बचाव अभियान के लिए बलूचिस्तान जाने के लिए पीएमओ की तरफ से आदेश मिलते हैं.